प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- देशभर के 47 स्थानों पर कल रोजगार मेले का होगा आयोजन– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 51 हज़ार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास गतिविधियों पर की चर्चा।
- प्रदेश में लागू आचार संहिता के दौरान आयोजित की गई मंत्रिमंडल की बैठक पर भाजपा ने उठाए सवाल–चुनाव आयोग से फैसलों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग।
- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध– अंतर्राज्यीय नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा।
- राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक भागों में हल्की वर्षा से लोगों को तपती गर्मी से मिली राहत–कल भी ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना।

पीएम–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज बैंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकासात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। विक्रमादित्य सिंह ने कर्नाटक में सड़क निर्माण और इन्हें पक्का करने की नई तकनीक के बारे में जानकारी ली ताकि इसे हिमाचल में भी उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोक निर्माण व शहरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कर्नाटक में शहरी विकास व अधोसंरचना निर्माण में अपनाए जा रहे

सफल मॉडल्स के अध्ययन के लिए भेजा जाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों व विकास कार्यों का दोनों सरकारें अध्ययन करेंगी।

हर्ष महाजन

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा आचार संहिता के दौरान आयोजित की गई मंत्रिमंडल की बैठक पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं और चुनाव आचार संहिता का उलंघन बताया है। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि पूरे प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के चलते आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है ऐसे में मंत्रिमंडल की बैठक बुलाना अपने–आप में कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि मं्त्रिमंडल में ऐसे कई फैसले लिए गए हैं जो सीधे तौर पर चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि सत्ता का दुरूपयोग कर चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश बेहद निंदनीय है। उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णय की समीक्षा कर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन और प्रकाशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की चुनाव आयोग से मांग की है। इस बीच आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए प्रत्याशी लोगों से अपने–अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं। इन चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन व पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रदेश के सीमावर्ती ज़िला सिरमौर में पुलिस विभाग अलर्ट मोड़ पर है और तीन राज्यों के साथ लगते इस ज़िले में बाहरी राज्यों से शराब तस्करी की संभावनाओं पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि ज़िले के अंतर्राज्यीय नाकों पर पुलिस द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दौरान सिरमौर ज़िला में करीब 5 सौ पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। ——बाईट——निश्चिंत नेगी—एसपी—24'—

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के पास एक भी उपलब्धि बताने के लिए नहीं है। मंडी से जारी एक प्रेस ब्यान में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का खोखला नारा देने वाली इस सरकार की जनविरोधी नीतियों और गलत फैसलों से समाज का हर वर्ग त्रस्त है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 3 सौ यूनिट फ्री बिजली देने की गारंटी देने वाली कांग्रेस सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा दी जा रही फ्री बिजली भी छीन ली है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के पैसे का दुरूपयोग कर उसे राज्य सरकार अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के झूठे प्रचार–प्रसार में लगा रही है जबकि प्रदेश की जनता अपने अधिकारों के लिए सड़क पर है।

जनगणना

प्रदेश में इस बार जनगणना का काम डिजिटल तकनीक से किया जाएगा। इसमें लोगों को खुद अपनी गिनती करने और जानकारी भरने का मौका भी मिलेगा। शिमला स्थित जनगणना कार्य निदेशालय के अनुसार प्रदेश में जनगणना 2027 का प्रथम चरण यानि मकान सूचिकरण व मकानों की गणना 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके अलावा एक जून से 15 जून तक स्वगणना का कार्य किया जाएगा। इसमें आम लोग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज करवा सकते हैं।

ज्ञापन

राजधानी शिमला में अवैध कब्जों और बदलती जनसांख्यिकी को लेकर हिंदू संघर्ष समिति ने आज राज्यपाल कविंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। समिति ने आरोप लगाया कि शहर में तहबाजारी माफिया सक्रिय है और एक विशेष वर्ग द्वारा सुनियोजित तरीके से स्थाई कब्जे किए जा रहे हैं। समिति के संयोजक विजय शर्मा ने कहा कि शिमला शहर की बदलती डैमोग्राफी प्रदेशहित में नहीं है। उन्होंने हिमाचल के लोगों को तहबाजारी में प्राथमिकता देने और अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई की राज्यपाल से मांग की है।

——बाईट——विजय शर्मा——संयोजक—समिति—

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि बढ़ती महंगाई के कारण लोगों को जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि देश के औद्योगिक विकास पर विपरीत असर पड़ रहा है जिसके चलते बेरोजगारी भी बढ़ रही है। विनय कुमार ने कहा कि देश में बढ़ते तेल व एल.पी.जी के मूल्यों ने देश को गंभीर संकट में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश की लोगों के साथ खड़ी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक भागों में आज हल्की वर्षा व हवाएं चलने से तापमान में मामूली गिरावट आई है जिससे लोगों को तपती गर्मी से कुछ राहत मिली है। कुल्लू में आज दोपहर तक जोरदार बारिश हुई जबकि रोहतांग सहित मनाली की ऊंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में ये बदलाव आया है और कल भी प्रदेश के अलग—अलग स्थानों पर ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना है। उन्होंने बताया कि 24 मई के बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा जिससे कई स्थानों पर तापमान बढ़ेगा।

——बाईट——शोभित कटियार—निदेशक मौसम विभाग—

जैव विविधता

आज जैव विविधता दिवस है। इस उपलक्ष्य पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जैव विविधता के संरक्षण को लेकर कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सिरमौर ज़िला के नाहन स्थित पीएम श्री कन्या पाठशाला में हिमजनक मंच संस्था और ज्ञान–विज्ञान समिति ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नारा लेखन, पेंटिंग और सामूहिक चर्चा जैसी प्रतिस्पर्धाओं में बढचढ़ कर हिस्सा लिया। हिमजनक मंच संस्था के अध्यक्ष कंवर सिंह नेगी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है ताकि आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के महत्व को समझ सके।

––बाईट––कंवर सिंह नेगी––अध्यक्ष–

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देशभर के 47 स्थानों पर कल रोजगार मेले का होगा आयोजन– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 51 हज़ार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास गतिविधियों पर की चर्चा।
- प्रदेश में लागू आचार संहिता के दौरान आयोजित की गई मंत्रिमंडल की बैठक पर भाजपा ने उठाए सवाल–चुनाव आयोग से फैसलों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग।
- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध– अंतर्राज्यीय नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा।
- राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक भागों में हल्की वर्षा से लोगों को तपती गर्मी से मिली राहत–कल भी ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना।